उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 10.10.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 10.10.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 10.10.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## महिला सशक्तिकरण के तहत संचालित "मिशन शक्ति अभियान 5.0" के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित कर शिकायतों का त्वरित निस्तारण

आज दिनांक 10.10.2025 को महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से संचालित "मिशन शक्ति अभियान 5.0" के अंतर्गत जनपद महोबा के समस्त थाना क्षेत्रों में जनचौपाल एवं जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इन जनचौपालों में महिलाओं एवं बालिकाओं से आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं आवश्यकताओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया। प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण मौके पर ही सुनिश्चित किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा महिलाओं को उनके अधिकारों, कानूनी प्रावधानों, एवं सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबरों (1090, 181, 112 आदि) की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों, महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन से उपस्थित जनसमूह को अवगत कराया गया।

यह सभी गतिविधियाँ पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह के कुशल निर्देशन में, तथा क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारियों के पर्यवेक्षण में सफलतापूर्वक संपन्न कराई गईं।

"मिशन शक्ति अभियान 5.0" के तहत आयोजित ऐसे जनसंवाद एवं जनचौपाल कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को सशक्त आधार प्रदान करने के उद्देश्य से जनपद महोबा पुलिस द्वारा निरंतर सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।







# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक– 10.10.2025

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में यातायात पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत की गयी प्रभावी कार्रवाई...

मिशन शक्ति फेज-5 कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपदीय पुलिस टीम द्वारा लगातार जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं।

इसी क्रम में आज दिनांक 10.10.2025 को जनपदीय यातायात पुलिस प्रभारी श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम ने व्यापक चेकिंग अभियान चलाकर शोहदों एवं अराजकतत्वों पर कड़ी कार्रवाई की।

चेकिंग के दौरान यातायात पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर वाहनों की गहन जांच की। इस दौरान दो वाहनों पर लगी अवैध काली फ़िल्म उतरवाई गई तथा उनके विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। साथ ही, सवारी गाड़ियों जैसे क्रूजर एवं ऑटो में परमिट मानक से अधिक सवारियां ढोने के विरुद्ध भी प्रभावी कार्रवाई की गई।

प्रचलित मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत वाहन चेकिंग के दौरान एक अदद कार में लगी अवैध काली फ़िल्म उतरवाई गई एवं 15 अदद मोटरसाइकिल के विभिन्न धाराओं में चालान किए गए।

जनपद महोबा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि समाज विरोधी तत्वों एवं यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक– 10.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा की अध्यक्षता में आयोजित हुई “साइबर कमांडो प्रशिक्षण कार्यशाला”



साइबर अपराधों की रोकथाम और पुलिस बल को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से आज दिनांक 10.10.2025 को पुलिस लाइन सभागार महोबा में “साइबर कमांडो प्रशिक्षण कार्यशाला” का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इस प्रशिक्षण कार्यशाला में जनपद के सभी थाना स्तर पर गठित साइबर हेल्प डेस्कों पर नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को “साइबर कमांडो प्रशिक्षण” के अंतर्गत नवीनतम साइबर अपराध जांच तकनीकों, डिजिटल साक्ष्य संरक्षण, एवं साइबर ठगी से संबंधित मामलों के प्रभावी निस्तारण की जानकारी दी गई।

“साइबर अपराध अब आधुनिक युग की सबसे बड़ी चुनौती है। पुलिस बल को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर ही हम आम नागरिकों को सुरक्षित रख सकते हैं। यह प्रशिक्षण प्रत्येक पुलिसकर्मी को साइबर कमांडो के रूप में तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।”

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वास्तविक केस स्टडी, डेमो एवं प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई।

कार्यशाला का उद्देश्य थानों में कार्यरत पुलिस कर्मियों को साइबर अपराधों के प्रति संवेदनशील बनाना और आमजन की साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा।